प्रतिदिन अखबार

।। अगले बरस तू जल्दी आ...।।

अमरावती, रविवार, 23 सितंबर 2018

Think - Home Theatre
Think - केडिया

क्विकर

संरा प्रमुख अक्टूबर में आएंगे भारत

दिल्ली, एजेंसी, 22 सितम्बर- संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस अगले महीने की शुरूआत में भारत की यात्रा करेंगे. संयुक्त राष्ट्र महासचिव के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी. संयोगवश, उनकी यात्रा महात्मा गांधी की 150 जयंती का कार्यक्रम शुरू होने पर होगी.महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि गुतारेस एक अक्तूबर को नई दिल्ली पहुंचेंगे.



एंतोनियो गुतारेस

यूनिवर्सिटी में विदेशी छात्रा से छेड़छाड़

इंदौर, एजेंसी, 22 सितम्बर- नाइजीरिया से पढ़ाई के लिए इंदौर आई एक छात्रा के साथ देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में छेड़छाड़ की घटना हुई है. 35 वर्षीय छात्रा ने पुलिस को बताया कि यूनिवर्सिटी का रोहित नामक एक लड़का उसका पीछा कर रहा था. वह लड़का उसे यूनिवर्सिटी परिसर में परेशान कर रहा था.वह इतना डर गई थी कि दौड़कर पास में मौजूद एक प्रोफेसर के घर में पहुंच गई. हालांकि वह घर बंद था. इसके बाद भी रोहित ने उसे जबरन पकड़ने की कोशिश की.लड़की ने किसी तरह उससे पीछा छुड़ाकर दूसरे प्रोफेसर के घर की तरफ भागकर मदद मांदी. इसके बाद वहां कई लोगों ने उस लड़की को देखा और उसकी मदद के लिए आगे आए.

आईटी प्रोफेशनल कोअगवा कर रेप की कोशिश

गुरुग्राम, एजेंसी, 22 सितम्बर- दिल्ली से सटे गुरुग्राम के सेक्टर 86 की एक सोसायटी में रहने वाली 21 साल की एक युवती को अगवा कर रेप की कोशिश करने का एक मामला सामने आया है. एक मल्टीनेशनल आईटी कंपनी में काम करने वाली इस पीड़ित युवती का आरोप है कि जब वो अपने अपार्टमेंट की सीढ़ियां चढ़ रही थी तो आरोपी सभी लोग उसी सोसायटी के अपने फ्लैट में पार्टी कर रहे थे.

इस दौरान उनमें से एक युवक ने जैसे ही मुझे (लड़की) देखा तो उसने उसे अपनी तरफ खींचने की कोशिश की. लड़की के शोर मचाने पर अपार्टमेंट के अन्य लोग वहां इकट्ठे हो गए. पुलिस ने शिकायत के आधार पर 5 आरोपी युवकों सावन, अंकित, मुकेश, अभिषेक और सचिन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. वहीं आरोपी 2 अन्य शख्स हेमंत और कमल नंदी फरार हैं.

ईरान की सैन्य परेड पर हमला, 24 मरे

तेहरान,एजेंसी, 22 सितम्बर- ईरान के अहवाज मिलिट्री परेड पर हुए हमले में 24 लोग मारे गए और 20 घायल हुए है.अहवाज मिलिट्री परेड पर हुए हमले में 8 की मौत हो गई है. हमले के लिए तकफिरी गनमैन का प्रयोग किया गया है.अहवाज ईरान के तेल भंडार वाले धनी कुजिस्तान प्रांत की राजधानी है. अभी तक इस घटना की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है. इससे पहले पिछले साल भी इस्लामिक स्टेट के हमले में ईरान में 18 की मौत और 50 से अधिक लोग घायल हुए थे. 7 जून 2017 को संसद पर सत्र के दौरान हमला किया गया था.

बच्ची से रेप में 160 साल की सजा

अटलांटा,एजेंसी, 22 सितम्बर- अमेरिका की एक अदालत ने गर्लफ्रेंड की 10 साल की बेटी के साथ रेप करने वाले शख्स अहवाज मिलिट्री परेड को दोषी मानते हुए 160 साल की सजा सुनाई. कोर्ट ने 34 साल के निकोलस पर136 साल तक परोल नहीं कर सकने का भी दंड लगाया. लगभग 2 साल की सुनवाई के बाद कोर्ट ने यह फैसला दिया. 10 साल की पीड़िता ने रेप के बाद एक बच्चे को भी जन्म दिया.

विहिंप ने बुलाई संतों की बैठक

दिल्ली, एजेंसी, 22 सितम्बर-2019 के लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं, राम मंदिर निर्माण का मुद्दा बहस के केंद्र में आ गया है.

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हाल ही में भव्य राम मंदिर निर्माण जल्द बनाए जाने की इच्छा जाहिर की थी, जिसके बाद अब विश्व हिंदू परिषद (विहिंप) ने इस दिशा में बड़ी पहल का आह्वान किया है.

विहिंप ने राम मंदिर के मुद्दे पर बातचीत के लिए संतों की बैठक बुलाई है. राम जन्मभूमि ट्रस्ट के संत उच्चाधिकार समिति की ये बैठक 5 अक्टूबर को दिल्ली में बुलाई गई है, जिसमें 30-35 बड़े संत भाग लेंगे. संतों की इस बैठक में राम मंदिर आंदोलन को आगे कैसे बढ़ाया जाए इस पर मंथन किया जाएगा.

राम मंदिर का केस फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में लंबित है. लेकिन इस मसले को कोर्ट के बाहर सुलझाने की आवाज भी उठती रही है.

साथ ही सरकार द्वारा संसद में कानून लाकर भी मंदिर निर्माण की मांग उठती रहती है. अब जबकि देश का आम चुनाव करीब है, उससे पहले विहिंप संतों की बैठक में क्या फैसला लिया जाता है, इस पर सबकी नजर रहेगी.

राम मंदिर पर हो सकता है बड़ा ऐलान

कार सेवा का ऐलान

संतों के इस मंथन राम मंदिर निर्माण को लेकर भविष्य की रणनीति पर चर्चा होगी, जिसमें संत राम मंदिर निर्माण के लिए कर सेवा का ऐलान कर सकते हैं. बैठक में शामिल होने के लिए महंत नृत्यगोपाल दास, साध्वी ऋतम्भरा समेत 36 प्रमुख संतो को न्योता दिया गया है. ये बैठक दिल्ली में विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में होगी.

भागवत इफेक्ट

बता दें कि हाल ही में संघ के कार्यक्रम भविष्य का भारतः संघ का दृष्टिकोण में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि राम मंदिर निर्माण जल्द होना चाहिए.विहिंप की संत बैठक को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है.

ओलांद ने पीएम को चोर कहा

दिल्ली, एजेंसी, 22 सितम्बर-राफेल सौदे को लेकर फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद के बयान के बाद कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को एक बार फिर मोदी सरकार और रिलायंस कंपनी के मालिक अनिल अंबानी पर सीधा निशाना साधा. उन्होंने कहा कि इन्होंने भारतीय शहीदों का अपमान किया है.राहुल ने प्रेस वार्ता में कहा-फ्रांस के एक पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि अनिल अंबानी की कंपनी को चुनने में उनका कोई रोल नहीं था. अनिल अंबानी को जो हजारों करोड़ों का करार मिला, वो नरेंद्र मोदी के कहने पर दिया गया था मतलब फ्रांस के एक पूर्व राष्ट्रपति भारत के प्रधानमंत्री को चोर कह रहे हैं. इस पर हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री को सफाई देना चाहिए.राहुल ने कहा-जिस व्यक्ति पर देश के युवाओं ने भरोसा किया था, उस व्यक्ति ने देश के लोगों का भरोसा तोड़ा. राफेल के मामले में शत प्रतिशत भ्रष्टाचार हुआ है. इस डील पर फैसला

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राफेल डील देश के जवानों और सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है. इस दौरान राहुल गांधी ने राफेल डील की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराने की मांग की.

राफेल डील पर बोले राहुल- मोदी सफाई दें

प्रधानमंत्री ने लिया है और फायदा उसी व्यक्ति को मिला है, जो प्रधानमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल में फ्रांस गया था. देश का चौकीदार चोरी कर गया. एलएएल से डील को छीनकर अनिल अंबानी की कंपनी को दिया गया.

खामोशी पर सवाल

राहुल ने कहा-मुझको समझ नहीं आ रहा है कि आखिर हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री राफेल डील पर एक भी शब्द क्यों नहीं बोल रहे हैं? वो ओलांद के बयान पर कब जवाब देंगे? नरेंद्र मोदी ने खुद अनिल अंबानी को 130 हजार करोड़ रुपये का गिफ्ट दिया है. देश के लोगों की जेब से पैसा निकालकर अंबानी को दिया गया है. उन्होंने कहा कि जब पीएम मोदी राफेल डील कर रहे थे, तब रक्षामंत्री गोवा में मछली खरीद रहे थे. राहुल गांधी ने कहा कि अनिल अंबानी को पीएम मोदी ने कॉन्ट्रैक्ट दिलवाया है.

पुलिसकर्मी की सांसदों-विधायकों को धमकी

जीभ काट ली जाएगी

हैदराबाद, एजेंसी, 22 सितम्बर-आंध्र प्रदेश पुलिस के एक कर्मचारी ने प्रदेश के सांसदों और विधायकों को उनकी जुबान काट लेने की धमकी दी है.प्रदेश के अनंतपुरम जिले के कादिरी थाना में तैनात इंस्पेक्टर माधव का कहना है, अगर निर्वाचित प्रतिनिधि अपनी हदें पार करते हुए पुलिस का मनोबल तोड़ने की कोशिश करेंगे तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. ऐसा करने वालों की जुबान काट ली जाएगी.

अनंतपुर जिले के एक गांव में दो गुटों के बीच विवाद में स्थिति काफी तनावपूर्ण होने पर प्रदेश की सत्ताधारी तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के सांसद जेसी दिवाकर रेड्डी ने पुलिस को नपुंसक बताते हुए कहा था कि उस स्थिति को नियंत्रित करने के बजाय पुलिस कर्मचारी खुद की जान बचाने के लिए मौके से फरार हो गए थे.इस बयान पर सांसद और पुलिस इंस्पेक्टर के बीच तीखी नोक-झोंक भी हुई. इसके बाद दिवाकर ने प्रदेश पुलिस के पास इस बयान की शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन उनकी शिकायत नहीं दर्ज हो सकी. तब दिवाकर रेड्डी ने कहा कि इस मामले को अब वे सरकार के सामने उठाएंगे. उधर जिले के अन्य पुलिसकर्मियों ने इस पूरे घटनाक्रम पर चुप्पी साध रखी है. वहीं सांसद जेसी दिवाकर रेड्डी ने इंस्पेक्टर माधव से पूछा कि वे अपनी जुबान कटवाने के लिए कहां आएं?

नन रेप केस में बिशप को पुलिस कस्टडी

कोच्चि, एजेंसी, 22 सितम्बर-नन से बलात्कार के आरोपी जालंधर के पूर्व बिशप फ्रैंको मुलक्कल को 24 सितंबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है. इसके साथ ही उसकी जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया गया.इससे पहले नन रेप के मामले में फ्रैंको मुलक्कल से पुलिस ने तीन दिन तक पूछताछ करने के बाद शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया था. तीन दिन की पूछताछ के दौरान बिशप के खिलाफ पुलिस ने पर्याप्त सबूत जुटा लिए हैं.

भारतीय कमांडर हिंद महासागर में लापता

पर्थ, एजेंसी, 22 सितम्बर-भारतीय नौसेना के जवान और इंडियन गोल्डन ग्लोब रेस के भारतीय प्रतिनिधि कमांडर अभिलाष टोमी का संपर्क दक्षिणी हिंद महासागर में टूट गया है. 39 साल के कमांडर अभिलाष को ढूंढ़ने के लिए ऑस्ट्रेलिया का सैन्य दल प्रयास कर रहा है.कमांडर अभिलाष से संपर्क समुद्र में खराब मौसम के बाद टूट गया. आखिरी बार जब वह संपर्क में थे तो उनका जहाज हिंद महासागर में था और पर्थ से 1900 मील की दूरी पर कहीं था. भारतीय नौसेना ने अभिलाष को ढूंढ़ने के लिए आईएनएस सतपुड़ा को ऑस्ट्रेलिया दल के साथ रवाना किया गया है. गोल्डन ग्लोब रेस नौका दौड़ प्रतियोगिता होती है और इसमें दुनिया भर के मशहूर नाविक हिस्सा लेते हैं. इस साल यह प्रतियोगिता 1 जुलाई को फ्रांस से शुरू हुई थी.

नौसेना ने पता लगाने भेजा पोत

अभिलाष टोमी

भारतीय नौसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर तैनातअभिलाष इससे पहले भी एक बार बिना रुके दुनिया का चक्कर लगा चुके हैं. उनकी साहसिक जलयात्रा की तारीफ पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी भी कर चुके हैं.

मोदी दें इस्तीफा, कैबिनेट से किसी और को बनाएं पीएम

दिल्ली, एजेंसी, 22 सितम्बर-राफेल सौदे को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने ताजा हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री से इस्तीफा मांगा है. शनिवार को खड़गे ने कहा-यह मेरी निजी तौर पर मांग है कि वो (नरेंद्र मोदी) इस पद के लिए काबिल नहीं हैं. इसलिए उन्हें फौरन अपना इस्तीफा दे देना चाहिए और किसी कैबिनेट मंत्री को यह पद सौंप देना चाहिए. वो नैतिक रूप से अब इस पद के लिए योग्य नहीं हैं.खड़गे ने कहा- पूर्व फ्रांसिसी राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद ने यह साफ कर दिया है कि राफेल सौदे में एक निजी कंपनी को साझीदार बनाने में पीएम मोदी का हाथ है. इससे यह साबित होता है कि हमारे प्रधानमंत्री अपने इस दोस्त को सौदा फाइनल करवाने फ्रांस लेकर गए थे. हम शुरू से कहते रहे हैं कि राफेल सौदे में भ्रष्टाचार हुआ है और पीएम ने इसमें मदद की है.

मल्लिकार्जुन खड़गे

ज्यादा शराब से 30 लाख मरे

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी, 22 सितम्बर-शराब पीना सेहत के लिए हानिकारक होता है. आए दिन शराब से कई लोग अपनी जान गंवाते हैं. ऐसे में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि बहुत ज्यादा शराब पीने के कारण साल 2016 में 30 लाख से ज्यादा लोगों की जान गई. वहीं इन लोगों में ज्यादातर पुरुष थे.

संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी ने चेतावनी भी दी है कि मौजूदा नीतियों पर अमल और उनके नतीजे इस प्रवृति में बड़े बदलाव के लिए नाकाफी हैं. साथ ही, एजेंसी ने अगले 10 साल में शराब की खपत में बढ़ोतरी का पूवार्नुमान व्यक्त किया है.

यूरोप अव्वल

रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ ने कहा कि करीब 23.7 करोड़ पुरुष और 4.6 करोड़ महिलाएं एल्कोहल से जुड़ी समस्या का सामना कर रहे हैं. इनमें ज्यादातर यूरोप और अमेरिका में रहने वाले हैं.यूरोप में प्रति व्यक्ति शराब की खपत पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा है जबकि वहां 2010 के मुकाबले अब शराब की खपत में 10 फीसदी तक की कमी आई है.

शराब से जुड़ी मौतों में से एक तिहाई मौतें कार हादसों या खुद को नुकसान पहुंचाने से जख्मी होने जैसी वारदातों से होती हैं जबकि करीब 20 फीसदी मौतें पाचनतंत्र में गड़बड़ी या हृदय संबंधी बीमारियों से होती है.

वर्ष 2016 : डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट

चीनी के पास मिला फर्जी आधार

दिल्ली, एजेंसी, 22 सितम्बर-भारत में अवैध दस्तावेजों के साथ रह रहे चीन के एक नागरिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी व्यक्ति के पहचान साओ लंग के रूप में हुई है जो गुरुग्राम में पिछले पांच साल से रह रहा था. यहां इस व्यक्ति ने मिजोरम की लड़की से शादी भी कर चुका था.पुलिस ने इस 39 वर्षीय व्यक्ति से भारतीय फर्जी पासपोर्ट और आधार कार्ड जब्त किया. पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह व्यक्ति कहीं किसी अन्य गैरकानूनी गतिविधि में तो शामिल नहीं था.

केजरी ने दागे 3 सवाल

पूछा-क्या मोदी देंगे जबाव?

दिल्ली, एजेंसी, 22 सितम्बर- राफेल विमान की डील को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री को घेरते 3 बड़े सवाल दागे. शनिवार को केजरीवाल ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री से तीन सवाल पूछे हैं. उन्होंने पूछा कि यह राफेल डील का ठेका पीएम मोदी ने अनिल अंबानी को ही क्यों दिलवाया. किसी अन्य कंपनी को ठेका क्यों नहीं दिया गया? दूसरा सवाल उन्होंने पूछा है कि अनिल अंबानी कहते हैं कि उनके प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत संबंध हैं. प्रधानमंत्री को छह साफ करना चाहिए कि क्या यह संबंध व्यवसायिक भी हैं? तीसरा सवाल की?

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूछा है कि राफेल घोटाले का पैसा किसकी जेब में गया. प्रधानमंत्री की, भाजपा की या किसी अन्य

लालू का ट्वीट

राफेल को लेकर लालू प्रसाद यादव ने भी ट्वीट किया, जिसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रिट्वीट किया है. इस ट्वीट में लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए लिखा है मित्रों राफेल सौदे के घालमेल और तालमेल की सही जानकारी 125 करोड़ देशवासियों को मिलनी चाहिए की नहीं, मिलनी चाहिए की नहीं. अगर पूंजीपति मिलनसार प्रधानमंत्री गुनाहगार व भागीदार नहीं है और इमानदार चौकीदार है तो सच बताने में डर काहे का.

लालू यादव

सोहराबुद्दीन केस में मुझे चुप कराने की कोशिश

गांधीनगर, एजेंसी, 22 सितम्बर-सोहराबुद्दीन शेख मामले की जांच के बाद इसे फर्जी बताने वाले गुजरात पुलिस के पूर्व इंस्पेक्टर वी.एल. पूर्व इंस्पेक्टर का आरोप ने का कहना है कि सरकार हर वो तरीका इस्तेमाल कर चुकी है, जिससे मैं कोर्ट तक न पहुंच सकूं.गुजरात के चर्चित सोहराबुद्दीन शेख, कौसर बी और तुलसीराम प्रजापति एनकाउंटर मामले की जांच करने वाले गुजरात पुलिस के रिटायर्ड इंस्पेक्टर पूर्व इंस्पेक्टर का आरोप ने शनिवार को एक समाचार एजेंसी से बातचीत में दावा किया कि सरकार द्वारा उन्हें इस मामले में कोर्ट से दूर रखने की भरसक कोशिश की जा रही है.13 साल पहले वसंत लालजीभाई सोलंकी को सोहराबुद्दीन शेख एनकाउंटर की जांच का जिम्मा सौंपा गया था, जहां उन्होंने इसे एनकाउंटर को फर्जी बताया था और अपने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इन न्यायेतर हत्याओं का जिम्मेदार बताया था. गुजरात के इस चर्चित एनकाउंटर मामले में मुख्य आरोपी के रूप में भाजपा अध्यक्ष अमित शाह समेत गुजरात पुलिस के कई आला अधिकारियों के नाम थे.इस मामले की सुनवाई मुम्बई की विशेष सीबीआई अदालत में चल रही है. दिसंबर 2014 में अदालत ने अमित शाह को इस मामले में बिना किसी जांच के आरोपमुक्त कर दिया था.

पूर्व इंस्पेक्टर का आरोप

चीन में 4,000 हानिकारक वेबसाइट बंद

बीजिंग, एजेंसी, 22 सितम्बर-चीन ने बीते तीन महीने में 4000 पोर्न एवं हानिकारक सूचनाओं वाली वेबसाइट बंद कर दी हैं. यह सफाई अभियान संयुक्त रूप से नेशनल ऑफिस अगेंस्ट स्टेट पोर्नोग्राफिक एंड इल्लीगल पब्लिकेशन्स तथा स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ प्रेस एंड पब्लिकेशन द्वारा मई में शुरू किया गया था.अभियान के तहत ऑनलाइन उपन्यास सामग्री पर निशाना साधा गया, जो अनुचित मूल्यों, अश्लीलता और कॉपीराइट उल्लंघन से जुड़े हुए थे.

कॉरिडोर में सऊदी बना तीसरा पार्टनर

इस्लामाबाद-चीन के प्रेजिडेंट शी चिनफिंग की महत्वाकांक्षी चीन-पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर में तीसरा हिस्सादार मिल गया है. इस प्रॉजेक्ट में तीसरा हिस्सेदार अब सऊदी अरब है. पाक के प्रधानमंत्री इमरान खान की पहली विदेश यात्रा सऊदी से लौटने पर पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी ने बताया कि सऊदी अरब ने इस योजना में हिस्सेदारी के लिए सहमति दी है.

देश में 10 करोड़ मस्तीखोर लोग

बने हैं मोदी के सबसे बड़े सिरदर्द

दिल्ली, एजेंसी, 22 सितम्बर-प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य और नैशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनैंस ऐंड पॉलिसी के डायरेक्टर रतिन रॉय के मुताबिक देश की आबादी में 10 करोड़ लोग ऐसे हैं जो फिलहाल मोदी सरकार के लिए बड़े सिरदर्द बने हुए हैं.

डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने के बीच भारत का करंट अकाउंट डेफिसिट (सीएडी) यानी चालू खाता का घाटा सरकार के लिए बहुत बड़ा सिरदर्द बन चुका है. पिछले साल जून क्वॉर्टर में करंट अकाउंट डेफिसिट 15 अरब डॉलर (करीब 1,08,360 करोड़ रुपये) था जो इस साल जून क्वॉर्टर में बढ़कर 15.8 अरब डॉलर (करीब 1,14,140 करोड़ रुपये) तक पहुंच चुका है. अब कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और निर्यात में मध्यम वृद्धि की वजह से मौजूदा वित्त वर्ष में करंट अकाउंट डेफिसिट जीडीपी के 2.8 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी. इसे लेकर एक बातचीत में रतिन रॉय ने कहा सीएडी में बढ़ोतरी के लिए वह संपन्न वर्ग जिम्मेदार है जो चारपहिया गाड़ियों का इस्तेमाल करता है, जो उच्च शिक्षा, सिविल एविएशन जैसी सेवाएं लेता है और मौजमस्ती के लिए यात्राएं करता हैं. इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह वर्ग आबादी का एक छोटा सा हिस्सा है जिनकी तादाद करीब 10 करोड़ है. रॉय के मुताबिक यह 10 करोड़ लोग कुछ दिनों के लिए मौजमस्ती छोड़ दे तो आर्थिक विकास को रफ्तार मिलती है और अर्थव्यवस्था सुधरेगी. इन 10 करोड़ लोगों के कारण फिलहाल देश की अर्थव्यवस्था उपभोग के मामले में शीर्ष में हैं.

रॉय के मुताबिक, सीएडी की हालत बिगड़ने अमीर या गरीब जिम्मेदार नहीं हैं.अमीर भारतीयों की कंजम्पशन डिमांड अलग तरह की है, जिसकी आपूर्ति भारत से नहीं होती, जैसे उच्च शिक्षा, एविएशन और रीक्रिएशन ट्रैवल.

विलेज रॉकस्टार्स गोज् टू...ऑस्कर

असमी भाषा की फिल्म का चयन : 29 फिल्मों को पछाड़ बनाई जगह

प्रतिनिधि, 22 सितम्बर

मुम्बई- फिल्म निर्देशक रीमा दास की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म विलेज रॉकस्टार्स को 91वें अकादमी पुरस्कारों (ऑस्कर) में विदेशी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म की श्रेणी में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है.असम की इस फिल्म ने पद्मावत, राजी, अक्टूबर, पैडमैन, लव सोनिया जैसी फिल्मों को पछाड़कर अपनी जगह बनाई है.फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया (एफएफआई) की ऑस्कर पुरस्कार चयन समिति के अध्यक्ष एसवी राजेंद्र सिंह बाबू नें शनिवार को इसकी घोषणा की. 91वां ऑस्कर अवार्ड समारोह 24 फरवरी 2019 को आयोजित होने वाला है.

क्या है कहानी

यह फिल्म असम के छायगांव, जो कि फिल्मकार रीमा दास का अपना गांव भी है, में रहने वाली गरीबी में पली-बढ़ी लड़की धुनू की कहानी है जो एक रॉक बैंड बनाने और किसी दिन अपना इलेक्ट्रॉनिक गिटार हासिल करने के अपने सपने से पीछे नहीं हटती.फिल्म में बनीता दास, बसंती दास और मानबेंद्र दास ने मुख्य भूमिकाओं में हैं.

28 को होगी रिलीज

असमी भाषा की यह फिल्म पिछले साल ही बनकर तैयार हो गई थी और तकरीबन एक साल बाद इस महीने की 28 तारीख का रिलीज होने वाली है.यह फिल्म मुम्बई फिल्म फेस्टिवल, 2018 में प्रदर्शित हो चुकी है. इस फिल्म को अब तक 44 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड मिल चुके हैं, जिसमें चार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी शामिल हैं.

स्पर्धा में थे 29

संजय लीला भंसाली की पद्मावत, आलिया भट्ट अभिनीत राजी, रानी मुखर्जी अभिनीत हिचकी, शूजित सरकार की अक्टूबर, तबरेज नूरानी निर्देशित लव सोनिया, अक्षय कुमार की पैडमैन, अमिताभ बच्चन और ऋषि कपूर की 102 नॉट आउट, तुम्बड़, हल्का, कड़वी हवा, गुलाबजाम, महानति, पीहू, भोगड़ा, रीवा, बाइस्कोपवाला, भयानकम, अज्जी, न्यूड, गली गुलियां और हाल में प्रदर्शित नवाजुद्दीन सिद्दीकी की मंटो उन 29 फिल्मों की सूची का हिस्सा थी, जिसे अगले साल के ऑस्कर के लिए सौंपा गया था.

किसी भी भारतीय फिल्म ने अब तक ऑस्कर पुरस्कार नहीं जीता है. विदेशी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म की श्रेणी में अंतिम पांच में जगह बनाने वाली आखिरी भारतीय फिल्म आशुतोष गोवरीकर निर्देशित लगान थी. पिछले साल अमित मसूरकर निर्देशित और राजकुमार राव अभिनीत हिंदी फिल्म न्यूटन को ऑस्कर भेजा गया था.